मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 28/01/2025

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति --351/2025
28 जनवरी 2025
मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय, रांची
==================

◆ मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से नेशनल स्कूल बैंड कॉम्पटीशन- 2025 में पूरे देश में प्रथम स्थान हासिल करने वाली कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, पटमदा, पूर्वी सिंहभूम की बैंड टीम ने की मुलाकात।
==================

◆ मुख्यमंत्री ने बैंड टीम में शामिल सभी छात्राओं को शानदार उपलब्धि के लिए दी बधाई और शुभकामनाएं, किया सम्मानित।
==================

◆ मुख्यमंत्री ने बैंड टीम से कहा- आप सभी ने अपने प्रदर्शन से देश में झारखंड का नाम किया है रौशन
======================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से आज नई दिल्ली में 24-25 जनवरी को आयोजित नेशनल स्कूल बैंड कॉम्पटीशन-2025 में पूरे देश में प्रथम स्थान हासिल करने वाली कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, पटमदा, पूर्वी सिंहभूम की बैंड टीम में शामिल छात्राओं ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को राष्ट्रीय स्तर के इस बैंड कॉम्पटीशन के अनुभवों को साझा किया। मुख्यमंत्री ने बैंड टीम को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि झारखंड के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि एक सरकारी विद्यालय की छात्राओं ने बैंड कॉम्पटीशन के जरिए अपनी प्रतिभा को पूरे देश के समक्ष पेश कर झारखंड का नाम रौशन किया है। उन्होंने बैंड टीम के सभी सदस्यों को भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी।

बच्चे -बच्चियों की प्रतिभा निखारने और प्रदर्शन हेतु बेहतर प्लेटफॉर्म देने के लिए प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के विद्यार्थियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। वे अलग-अलग क्षेत्र में लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। हमारी सरकार इस बात के लिए प्रतिबद्ध है कि बच्चों की छिपी हुई प्रतिभा को निखार कर सामने ला सकें। यहां के बच्चे-बच्चियों को बेहतर प्लेटफार्म देने के लिए भी सरकार योजना पर तरीके से कार्य कर रही है। बच्चों के एक्सपोज़र के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं।

नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस समारोह में भी बैंड डिस्प्ले का किया प्रदर्शन

विदित हो कि नेशनल स्कूल बैंड कॉम्पटीशन में प्रथम स्थान हासिल करने वाली इस टीम के द्वारा नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में भी बैंड डिस्प्ले किया गया। झारखंड के लिए पहला मौका था जब नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में यहां की कोई बैंड टीम शामिल हुई हो। इस अवसर पर झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद (जेईपीसी) के स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर श्री शशि रंजन, स्टेट नोडल अफसर श्री धीरसेन सोरेंग, फिजिकल एजुकेशन शिक्षक श्रीमती निशा पन्ना, प्रशिक्षक श्री प्रेम राणा, पंजाब रेजिमेंटल सेंटर रामगढ़ के श्री जरनैल सिंह और श्री अमरवीर सिंह मौजूद थे।**=================#Team PRD(CMO)**